सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति–2

राजभवन देहरादून 08 मई, 2023

सोमवार को राजभवन ऑडिटोरियम में प्रथम महिला श्रीमती गुरमीत कौर ने एक सप्ताह तक चलने वाले सुजोक थेरेपी के प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इंटरनेशनल सुजोक की अध्यक्ष डॉ. सुभाष चौधरी द्वारा दिए जा रहे इस प्रशिक्षण में राजभवन फैमली वेलफेयर की महिलाओं को सुजोक थेरेपी के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने उपस्थित महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी छोटी–छोटी समस्याओं के निदान के बारे में बताया। इसके लिए उन्होंने निश्चित बिंदुओं पर दबाव देकर उपचार करना महिलाओं को सिखाया।

प्रथम महिला श्रीमती गुरमीत कौर ने इस अवसर पर कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों का उद्देश्य जहां परिवार की महिला सदस्यों के स्वास्थ्य संबंधित चुनौतियों का समाधान करना है। उन्होंने कहा कि सुजोक एक्यूप्रेशर एक अत्यंत सरल एवं सहज चिकित्सा विधि है, जिसमें महिलाएं छोटी–छोटी समस्याओं का स्वयं ही उपचार कर सकती हैं।

प्रथम महिला ने कहा कि उनका प्रयास है कि महिलाओं को अपनी समस्याएं रखने और अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच प्रदान किया जाय। इसके लिए समय–समय पर राजभवन में गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि फैमली वेलफेयर कार्यक्रम के अंतर्गत महिलाओं को विभिन्न प्रकार के स्वरोजगार के प्रशिक्षण दिये जाने का भी प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद एवं स्वरोजगार की इच्छुक महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त एवं आत्मनिर्भर करने का प्रयास भी किया जाएगा।

प्रथम महिला ने कहा कि राजभवन में जल्द ही फैमली वेलफेयर सेंटर बनाया जाएगा। इस सेंटर के बन जाने से महिलाएं विभिन्न प्रकार के क्रियाकलाप और गतिविधियां इस सेंटर में कर सकेंगी। उन्होंने कहा कि हमारी महिलाओं में हुनर की कमी नहीं है, उन्हें एक बेहतर मंच प्रदान किया जाएगा जिससे उनका हुनर और प्रतिभा लोगों के सामने प्रदर्शित हो सके। प्रथम महिला ने कहा कि अगर महिलाओं को किसी भी प्रकार के प्रशिक्षण की जरूरत हो तो इसके लिए भी व्यवस्था की जाएगी।

इस कार्यक्रम में अपर सचिव श्रीमती स्वाति एस. भदौरिया, वित्त नियंत्रक डॉ. तृप्ति श्रीवास्तव सहित राजभवन फैमली वेलफेयर की महिलाएं उपस्थित रही।

...............0.................